
हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 36 .2 डिग्री
न्यूनतम 21 .2 डिग्री

13 मुरथल विवि की सरस्वती लाइब्रेरी, जर्जर फॉल सीलिंग बनी खतरा



14 जिले में खेल प्रतियोगिताएं की आयोजित मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ी



खबर संक्षेप

### गांव मोई हुड्डा में रात्रि ठहराव 30 अगस्त को

**सोनीपत।** ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए चलाए जा रहे जनसंवाद कार्यक्रम के तहत 30 अगस्त, शनिवार को गांव मोई हुड्डा स्थित राजकीय विद्यालय में रात्रि ठहराव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उपायुक्त सुशील सारवान गांव में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसके माध्यम से अधिकारी-कर्मचारी लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाऐंगे।

### चार नाबालिग बच्चों को किया रेस्क्यू



**सोनीपत।** एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) की टीम ने बाल मजदूरी के खिलाफ अभियान चलाकर चार नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू किया। टीम में एमडीडी ऑफ इंडिया से विकास, एएचटीयू से एसआई अशोक कुमार, एएसआई अनिल कुमार, एचसी संदीप, सिपाही प्रतीक और सरकारी वाहन चालक सुरजीत शामिल रहे। टीम ने मिशन चौक स्थित रेलवे स्टेशन रोड के पास विभिन्न दुकानों पर छापेमारी कर बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया। दुकानदारों को बाल मजदूरी करवाने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

सोनीपत। सीआईए टीम ने अवैध हथियार रखने व उपलब्ध कराने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान जिवेश निवासी मोहल्ला कलां बड़ी मस्जिद सोनीपत व कनिष्क उर्फ कन्नु निवासी सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। एएसआई राजेश ने टीम के साथ खिजर मकबरा जटवाड़ा से एक संदिग्ध युवक को काबू किया। तलाशी के दौरान उसकी जींस से एक देशी पिस्तौल व जेब से एक जिंदा कारतूस भी मिला। कनिष्क उर्फ कन्नु ने हथियार मुहैया कराया था।

### अलग-अलग स्थानों से 1 महिला, 2 युवतियां लापता

**सोनीपत।** दो अलग-अलग स्थानों से महिलाओं व युवतियों के लापता होने के मामले सामने आए हैं। परिजनों की शिकायत संबंधित थाना पुलिस केस दर्ज कर लिए है। इंदिरा कॉलोनी से एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला के पति ने बहालगढ़ पुलिस को शिकायत दी। सेक्टर-27 थाना के एक गांव से दो सहेलियां लापता हो गई। लापता युवतियों की उम्र करीब 17 और 19 साल बताई जा रही है।

## विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में रुचि नहीं दिखा रहे 'मास्टरजी'

# इंस्पायर अवार्ड योजना : 680 स्कूलों ने मोड़ा मुंह, अब तक 20% से कम आवेदन

जिले में अब तक केवल 392 विद्यार्थियों ने किए आवेदन, विभाग ने रखा था 2050 का लक्ष्य, सोनीपत ब्लॉक से अब तक एक विद्यार्थी ने भी नहीं किया आवेदन




### 15 तक करवाएं आवेदन



योजना के आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। हालांकि प्रत्येक विद्यालय को 30 अगस्त तक सुनिश्चित करना है कि इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत छात्रों का पंजीकरण और प्रोजेक्ट अपडेट हर हाल में समय पर पूरा किया जाए। 680 स्कूलों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है।

*-नवीन गुलिया, डीईओ, सोनीपत।*

### सोनीपत से अभी तक शून्य आवेदन

सोनीपत ब्लॉक में सबसे अधिक स्कूल ऐसे हैं जिन्होंने योजना में अभी तक आवेदन नहीं करवाया है। सोनीपत ब्लॉक में ऐसे स्कूलों की संख्या 114 हैं। दूसरे नंबर पर गोहाना ब्लॉक है, जहां से 90 स्कूलों से अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुए। खरखौदा से 50, गन्नौर से 39 और राई ब्लॉक से 10 स्कूलों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है। इसके अलावा 300 से अधिक ऐसे स्कूल भी हैं जिनके लिये ब्लॉक चिन्हित नहीं है और ना ही इन्होंने आवेन किए हैं। 680 स्कूलों ने अभी तक इस योजना के तहत आवेदन ही नहीं किया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की एक महत्वाकांक्षी योजना इन दिनों जिले में दम तोड़ती सी नजर आ रही है। बच्चों में वैज्ञानिक सोच और शोध की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई इंस्पायर अवार्ड योजना में जिले की भागीदारी 20 प्रतिशत से भी कम हो पाई है।

### स्कूलों को निर्देश, जल्द करवाएं आवेदन

इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत छात्रों का आवेदन ना करवाने वाले स्कूलों को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें स्पष्ट किया गया है कि इस योजना के तहत सभी स्कूलों का हिस्सा लेना अनिवार्य है। निर्देशों में बताया गया है कि जिन स्कूलों ने पंजीकरण नहीं कराया है, वे तुरंत पंजीकरण करवाएं। वहीं जिन विद्यालयों का पंजीकरण हो चुका है, वे सुनिश्चित करें कि पोर्टल पर प्रोजेक्ट अपलोड किए जाएं। मिडिल स्कूल से तीन प्रोजेक्ट और हाई/सीनियर सेकेंडरी स्कूल से पांच प्रोजेक्ट अपलोड करने हैं।

### आइडिया चुनने तो मिलेंगे 10 से 50 हजार

योजना के तहत निजी व राजकीय स्कूलों के छठी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थी इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में शामिल हो सकते हैं। विद्यार्थियों की तरफ से भेजे जाने वाले आइडिया में से सर्वश्रेष्ठ आइडिया चुने जाएंगे। प्रत्येक स्कूल से पांच आइडिया चयनित किए जाएंगे। जिला स्तर पर आइडिया चयनित होने पर मॉडल बनाने के लिए विद्यार्थी को खंड स्तर पर 10 हजार रुपये मिलेंगे। जिला स्तर से राज्य स्तर के लिए चयनित आइडिया पर मॉडल बनाने के लिए विद्यार्थी को 50 हजार रुपये मिलेंगे। श्रेष्ठ 60 आइडिया को राष्ट्रपति की तरफ से सम्मानित भी किया जाएगा।

### स्कूलों की उदासीनता विभाग की बढ़ी परेशानी

योजना की शुरूआत में जिले से 2050 बच्चों को इस योजना के तहत आवेदन करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन आलम ये है कि अब तक केवल 392 विद्यार्थियों ने ही आवेदन किया है। जिले के 600 से अधिक स्कूलों ने अभी तक योजना के तहत अपने विद्यार्थियों के आवेदन ही नहीं करवाए हैं। जिससे शिक्षा विभाग भी परेशान है। इसी परेशानी में जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों को निर्देश भी जारी किया है। देशभर के स्कूली बच्चों में विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा इंस्पायर मानवक योजना शुरू की गई थी। विद्यार्थियों से आवेदन करवाने में स्कूलों की तरफ से दिखाई जा रही उदासीनता ने शिक्षा विभाग की परेशानी बढ़ा दी है।

### वैज्ञानिक और विशेषज्ञ तैयार करना उद्देश्य

इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश में भविष्य के वैज्ञानिकों, आविष्कारकों और तकनीकी विशेषज्ञों की नई पीढ़ी तैयार करना है। जिसके तहत राजकीय व निजी विद्यालयों के छठी से 10वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को विज्ञान विषय से संबंधित कोई पांच आइडिया भेजने थे। इसके लिए सोनीपत जिले से 2050 विद्यार्थियों के आवेदन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हालांकि अभी तक 392 आवेदन ही प्राप्त हुए हैं। बाकी स्कूलों को आवेदन करवाने के लिए अधिकारियों ने फिर से निर्देश दिए हैं। विभाग ने आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की हुई है।



सोनीपत। आरोपित मैनेजर को लेकर जाते हुए एसीबी की टीम।

## ईएसआईसी मैनेजर 11 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

- मजदूर का मुआवजा पास करने के एवज में मांगें थे 16 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) सोनीपत टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए ईएसआईसी शाखा राठ धाना रोड पर तैनात मैनेजर को 11,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। आरोपित की पहचान सोनीपत निवासी विनोद के रूप में हुई है। वह महज तीन महीने पहले ही फरीदाबाद सेक्टर-16 से ट्रांसफर होकर राठधाना रोड स्थित शाखा में आया था। टीम आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी। ताकि पहले ली रिश्वत की राशि को बरामद कर जांच कर सके।

राई निवासी ठेकेदार सागर ने एसीबी को शिकायत दी थी कि उसकी फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर काम के दौरान घायल हो गया था। मुआवजे की फाइल ईएसआईसी शाखा में लंबित थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक, मैनेजर विनोद ने फाइल पास करने के बदले 16,000 की मांग की थी। इसमें से वह 5,000 पहले ही ले चुका था और शेष 11,000 रिश्वत के रूप में मांग रहा था। एसीबी ने शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सोनीपत व रोहतक टीम को लगाया। जाल बिछाकर आरोपित को उसके कार्यालय से ही रिश्वत की रकम लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि आरोपित को पकड़ने के बाद सोनीपत कार्यालय लाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

### तीन माह पहले हुआ ट्रांसफर एसीबी ने दिया सख्त संदेश

एसीबी टीम ने बताया कि आरोपी विनोद तीन महीने पहले ही फरीदाबाद सेक्टर-16 से ट्रांसफर होकर सोनीपत आया था। कम समय में ही उसने भ्रष्टाचार का रास्ता पकड़ लिया। एसीबी में तैनात सचिव ने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि किसी सरकारी कार्यालय में उनसे रिश्वत मांगी जाती है तो तुरंत एसीबी को शिकायत करें। गिरफ्तार आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की जायेगी। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पहले ली पांच हजार रुपये की राशि को बरामद करने के प्रयास किए जाएंगे।

## ट्रांसफार्मर खराबः बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली संकट, 20 फैक्ट्रियों में तीन दिन से उत्पादन ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र बिजली संकट की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। 630 केवीए के ट्रांसफार्मर के खराब हो जाने से पिछले तीन दिनों से आपूर्ति ठप्प है। इससे करीब 20 फैक्ट्रियों में ब्लैकआउट की स्थिति बन गई है और उत्पादन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इससे उद्योगपति लाखों का नुकसान हो रहा हैं। उनका कहना है कि मंगलवार शाम ट्रांसफार्मर में आई खराबी के बाद से ही निगम के अधिकारी अनजान बनें हुए हैं। बुधवार को ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन तीन दिन गुजर जाने के बावजूद अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया। उनके पास पास केवल डिजीसेट का सहारा है, लेकिन लगातार डीजल पर उत्पादन चलाना संभव नहीं है। लागत बढ़ने से आर्थिक नुकसान हो रहा है। कई छोटे उद्योग पूरी तरह से बंद पड़े हैं। मजदूर भी खाली बैठे हैं। उद्योगपतियों के अनुसार लगातार बिजली बंद रहने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। बाजार में आर्डर समय पर नहीं जा पा रहे हैं।

### कम संसाधन से कैसे चलेंगे उद्योग

एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने निगम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि तीन दिन से अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेताया कि यदि शुक्रवार तक आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो बिजली मंत्री को शिकायत देंगे।

### आज शाम तक लगेगा ट्रांसफार्मर

बिजली निगम के एसडीओ रवि खोखर ने बताया कि मंगलवार की शाम को ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आई थी। बुधवार को यह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। 630 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने की अनुमति चीफ इंजीनियर से ली गई है। जिस वजह से ट्रांसफार्मर लगने में देरी हो रही है। शुक्रवार की शाम तक ट्रांसफार्मर बदलकर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## घर से गहने-नकदी चोरी, सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पटेल नगर में स्थित मकान से सोने व चांदू के आभूषण सहित नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। घर में चोरी घटना के समय मकान मालिक की पत्नी और भाभी बच्चों के स्कूल गई थी। वापस लौटी तो चोरी का पता चला। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

पटेल नगर निवासी रोहित नेबताया कि वह और उसका भाई बुधवार की सुबह काम पर चला गया। इसके बाद पत्नी सिम्मी और भाभी बच्चों के साथ स्कूल चली गई। करीब दो बजे वापस लौटी तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर गई तो सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो अलमारी के लाकर से चार तोले का सोने का हार, दो सोने की अंगूठी, एक चांदी की तागड़ी, तीन जोड़ी पायजेब और 10 हजार रुपये गायब थे। जब सीसीटीवी की जांच की तो गली से दो संदिग्ध बाइक पर जाते नजर आए। जिनकी बाइक पर लगा नंबर भी फर्जी है। आशंका है कि चोरी की वारदात बाइक सवार युवकों ने ही अंजाम दी है। पुलिस ने फारेसिंक एक्सपर्ट को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए।

### ताला तोड़कर नकदी गहने चोरी

ऋषिकुंज कॉलोनी निवासी राजेश ने सेक्टर-27 थाना पुलिस को बताया कि चोर उनके घर के स्टोर का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण ले गए। चोर अलमारी से सोने के दो कंगन, कानों की बालियां व नाक की तिल्ली और 30 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

### गोलीकांड में फरार आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस टीम ने गोली मारकर युवक की हत्या करने के मामले में संलिप्त ग्यारहवें आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान प्रदीप उर्फ पोली निवासी बरोणा, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस पहले दस आरोपितो को गिरफ्तार कर चुकी है।

### सब्जी मंडी में पनीर की दुकानों पर छापे से हड़कंप, पांच नमूने लिए

**सोनीपत।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने वीरवार को सब्जी मंडी में पनीर की दुकानों पर छापेमारी की। टीम ने तीन दुकानों से पनीर के पांच नमूने भरे और उन्हें सील कर दिया। विभाग की कार्रवाई की भनक लगते ही कई पनीर विक्रेता दुकानें बंद कर फरार हो गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. बीरेंद्र यादव ने बताया कि मंडी में कई दुकानदार बड़ी मात्रा में पनीर और दूध से बने पदार्थ बेच रहे थे। संदेह होने पर जांच शुरू की गई तो तीन दुकानों से पनीर के नमूने लेकर उन्हें चंडीगढ़ प्रयोगशाला भेज दिया गया। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दूध व दूध से बने पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता नहीं करेंगे। छापेमारी व जांच आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे सस्ती कीमत के लालच में निम्न स्तर की खाद्य वस्तुएं न खरीदें।

### सोहटी में अवैध कॉलोनी में डीटीपी ने चलाया पीला पंजा, निर्माण तोड़े

**खरखौदा।** डीटीपी की टीम ने मंगलवार को गांव सोहटी की 12.50 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया। कच्चे रास्तों और निशानदेही के लिए लगाए गए पिलरों को उखाड़ा। डीटीपी नीलम शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा सड़क, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती है। मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पहले यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है या नहीं। जानकारी के लिए महानगर विकास प्राधिकरण

### कपास उत्पादक अनुदान के लिए करें पजीकरण

**गोहाना।** कृषि विभाग ने गुरुवार को गांव भंडेरी में कपास दिवस जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में किसानों को विषय की जरूरी जानकारी दी। एएसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने कहा कि कपास उत्पादक किसान विभाग की वेबसाइट पर सूक्ष्म पोषक तत्व व एकीकृत कीट प्रबंधन के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं और 2 हजार रुपये प्रति एकड़ अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।

### घर में घुसकर महिला व नाबालिग से छेड़छाड़ का तीसरा आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर।** पुलिस ने महिला व उसकी नाबालिग लड़की से छेड़खानी और मारपीट करने की घटना में तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सौरभ निवासी पलवल हाल शेखपुरा, सोनीपत के रूप में हुई है। 21 अप्रैल 2025 को पीड़िता ने बताया कि आरोपित सौरभ व उसके दो साथी घर में घुसे व उसके साथ व उसकी मां से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपितों ने उसके पिता पर डंडों से हमला कर दिया। इस मामले में पोक्सो अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच में पहले ही दो अपचारी बालकों को गिरफ्तार किया था। आरोपित सौरभ को गिरफ्तार किया व अदालत ने जेल भेज दिया।

### लॉ विवि की प्रोफेसर का मोबाइल फोन झपटा, बाइक सवार दो युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

- स्कूटी पर सवार थी प्रो. ज्योति राणा, पीछे से बाइक पर आए युवक बैग झपटकर हुए फरार।

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में लॉ विवि की प्रोफेसर का मोबाइल फोन झपटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में बाइक सवार बदमाश के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की पहचान के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। शिकायतकर्ता ज्योति राणा ने बताया कि वह अपने स्कूटी पर सवार होकर सोनीपत शहर की तरफ आ रही थी। रास्ते में बाइक पर पीछे से आए युवक ने उसके बैग से मोबाइल फोन झपट लिया। अपने स्तर पर उसका पीछा किया लेकिन उसके पकड़ नहीं पाई। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी संजय ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। बाइक सवार की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। जल्द से जल्द आरोपित की पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## मेयर की पीडब्ल्यूडी व निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

# सितंबर में विशेष अभियान, भरेंगे सड़कों के गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत शहर में भारी बारिश से खराब हुई सड़कों की मरम्मत के लिए नगर निगम और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम मेयर राजीव जैन ने की। इसमें निर्णय लिया गया कि सितंबर माह में विशेष अभियान चलाकर शहर की सड़कों के गड्ढे भरेंगे व क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जाएगी।

पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन रोड, गुरुद्वारा-कामी रोड, सब्जी मंडी रोड, कबीरपुर संपर्क मार्ग, बस स्टैंड से सेक्टर-14, ओल्ड डीसी रोड, पीडब्ल्यू रेस्ट हाउस से रेलवे पुल, बस स्टैंड से ड्रेन नंबर-6, मिशन चौक से कालूपुर चुंगी,



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी साथ में मेयर राजीव जैन।

बड़वासनिया गांव से ट्रक यूनियन और ककरोई रोड की मरम्मत का जिम्मा उनके पास है। इसमें ओल्ड डीसी रोड को नए सिरे से तैयार किया जाएगा।

मेयर राजीव जैन ने कहा कि आमजन को यह नहीं पता होता कि किस सड़क का रखरखाव किस विभाग के पास है, इसलिए सड़कें खराब होते ही नगर निगम पर सवाल उठने लगते हैं। ऐसे में मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। नगर निगम पहले से ही गड्ढे भरने का अभियान चला रहा है और बरसात के बाद सभी सड़कें ठीक कर दी जाएंगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, एक्सइन पदम भूषण, विशाल गर्ग, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता प्रवीण चौधरी, कार्यकारी अभियंता प्रशांत शर्मा और पंकज गौड़ मौजूद रहे।




### सेक्टर-12 की हरित पट्टी में रोपित किए 15 पौधे

**सोनीपत।** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया सोनीपत की टीम ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सेक्टर-12 की हरित पट्टी में 15 पौधे लगाए। संस्था के अध्यक्ष सुरेश वत्स ने कहा कि पौधे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में उनकी अहम भूमिका है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। पर्यावरण मित्र दिलबाग सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसे वृक्ष बनने तक उसकी सुरक्षा करनी चाहिए। योग शिक्षक लक्ष्मी नारायण ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में योग करना स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है, इसलिए धरती को हरा-भरा बनाना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में पहलवान हवा सिंह आंतिल, सतबीर गौतम, सेवानिवृत्त रमेश मदान, हिंदी अध्यापिका गीता इत्यादि मौजूद रहे।

### रिश्वत के आरोपित आपूर्ति विभाग के निरीक्षक को चार साल कैद की सजा

- डिपो होल्डर से प्रति किलो बाजरा पर मांगा था एक रुपया कमीशन।


**सोनीपत।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक मान ने रिश्वत लेने के आरोपित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को चार साल कैद व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 6 माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। गोहाना वार्ड-5 में राशन डिपो संचालक अंकित कुमार के पास आपूर्ति के लिए नवंबर 2022 में 32.63 व दिसंबर, 2022 में 32.63 कुल 65.26 क्विंटल बाजरा पहुंचा था। आरोप था कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के गोहाना के निरीक्षक भूपेंद्र मलिक ने डिपो धारक से बाजरा के स्टॉक की जांच के लिए प्रति किलो एक रुपये कमीशन की मांग की थी। बाद में छह हजार रुपये देने की सहमति बन गई थी। डिपो धारक अंकित ने इसकी शिकायत रोहतक की विजिलेंस टीम को दी थी। इस पर 11 जनवरी, 2023 को रोहतक से पहुंची विजिलेंस टीम ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। ड्यूटी के बाद भूपेंद्र डिपो धारक से उसके डिपो पर ही छह हजार रुपये लेने पहुंचा था। जहां पहले से विजिलेंस टीम के निरीक्षक सुरेश हुड्डा की टीम आसपास मौजूद थी। डिपो धारक अंकित ने जब भूपेंद्र को छह हजार रुपये दिए तो विजिलेंस ने तुरंत उसे काबू कर लिया था। सुनवाई के बाद एएसजे अशोक मान की अदालत ने दोषी को चार साल कैद व 20 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

बच्चो, नन्ही उम्र में भी बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है, अगर हौसले बुलंद हों तो। यह बात स्पोर्ट्स की फील्ड में भी लागू होती है। हम तुम्हें विभिन्न खेलों में बेहद कम उम्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने देश का नाम रोशन करने वाले कुछ नन्हे खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं। बच्चो, तुम इनसे प्रेरणा लो और तुम भी अपना नाम रोशन करो।

मिसाल

शिखर चंद जैन

# छोटी उम्र के बड़े खिलाड़ी



## वैभव सूर्यवंशी
### आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

**19 अप्रैल** 2025 को बिहार के वैभव सूर्यवंशी 14 वर्ष और 23 दिन की उम्र में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स टीम के लिए डेब्यू किया और इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने करियर की शुरुआत शानदार अंदाज में की। वैभव ने आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड बनाया और टी-20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने। वैभव ने जनवरी में बिहार की तरफ से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था और अंडर-19 टेस्ट सीरीज में शतक बनाया था। वैभव ने 12 साल और 284 दिन की उम्र में बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया था, जिससे वह सबसे कम उम्र के डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में से एक बन गए। *

## तन्वी पत्री
### बैडमिंटन में बढ़ती पहचान

**जूनियर पीवी** सिंधु के नाम से मशहूर ओडिशा की तन्वी पत्री जब स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-15 गर्ल्स एशियन चैंपियन बनीं तो हर किसी की नजर उन पर टिक गई। तन्वी ने 5 साल की उम्र से बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था।




13 साल की उम्र तक आते-आते वह बैडमिंटन की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा बन गईं। तन्वी ने स्टेट के साथ-साथ नेशनल-इंटरनेशनल लेवल पर कई स्पोर्ट्स इवेंट्स में भाग लिया और कई पदक अपने नाम किए हैं। तन्वी के माता-पिता रबी नारायण पत्री और शैलबाला सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वह पहले चीन में काम करते थे, यहीं तन्वी ने बैडमिंटन खेलना शुरू किया। तन्वी ने 2017 और 2020 के बीच चीन में नौ खिताब जीते थे। इसके बाद उनका परिवार कोविड-19 महामारी के कारण भारत लौट आया। 2022 में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में शामिल हो गईं। तन्वी टैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप में लड़कियों का एकल खिताब जीतने वाली ओडिशा की पहली शटलर बनीं। वह चीन के चेंगदू में चेंगदू विश्वविद्यालय में एशियाई जूनियर (यू-15 यू-17) बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला अंडर-15 एकल में स्वर्ण पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय शटलर बनीं। तन्वी का सपना है कि वह ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतें। *

## लव-कुश
### देश के सबसे नन्हे पहलवान

**मथुरा निवासी** 6 वर्षीय दो जुड़वा भाई लव-कुश को देश के सबसे छोटे पहलवानों के रूप में पहचाना जाता है, जो अपनी छोटी उम्र में इतनी शारीरिक शक्ति के लिए जाने जाते हैं। वे दोनों रोजाना कई किलोमीटर दौड़ते हैं और बड़ी संख्या में सपाटे (दंड-बैठक) मारते हैं। लव-कुश सोशल मीडिया पर काफी प्रसिद्ध हैं। लव-कुश ने 5 साल की उम्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया था, जिसमें 50 मिनट में 1000 सपाटे और 10 किलोमीटर की दौड़ शामिल थी। *



## धिनिधि देसिंघु
### लहरों से खेलने वाली लड़की



**कर्नाटक के** बेंगलुरु की रहने वाली 14 वर्षीय धिनिधि देसिंघु, एक भारतीय तैराक हैं। वैसे तो वह 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्वीमिंग में एक्सपर्ट है लेकिन इसके साथ ही वह 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में भी पार्टिसिपेट करती है। धिनिधि ने पिछले वर्ष पेरिस में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के लिए अर्हता प्राप्त की थी। वह पेरिस ओलंपिक के साथ-साथ 2022 के एशियाई खेलों में भी सबसे कम उम्र की भारतीय एथलीट भी थीं। धिनिधि ने 2018 में तैराकी को एंटरटेनिंग स्पोर्ट के रूप में शुरू किया था। लेकिन जल्द ही प्रतिस्पर्धी तैराकी को अपना लिया। वह 2023 में सुर्खियों में आईं, जब उन्होंने जूनियर और सब-जूनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में नेशनल रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में दो और रिकॉर्ड बनाए। धिनिधि ने गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में सात स्वर्ण पदक जीते और दोहा में हुई विश्व चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया। 2024 में धिनिधि ने कर्नाटक मिनी ओलंपिक, कर्नाटक जूनियर और सब-जूनियर एक्वेटिक चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता। *

# क्यों जरूरी है खेलना

जरूरी बात

मोनिका शर्मा



**खे**लना, हर बच्चे को खूब भाता है। स्कूल का ग्राउंड हो या घर का आंगन या फिर गली-मोहल्ला, यहां अपने फ्रेंड्स के साथ खेलते हुए सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। खेलते समय ही नए दोस्त भी बनते हैं। अपनी टीम बनाने और जीतने के ट्रिक्स सीखने का मौका भी मिलता है। मेहनत से जीत पाने का आत्मविश्वास और जज्बा भी आता है। एक्टिव और फिट रहने में मदद मिलती है। शरीर ही नहीं, मन ऊर्जा से भर जाता है। ऐसी बहुत सी प्यारी और जीवन से जुड़ी जरूरी बातों को सीखने के लिए खेलना बहुत जरूरी है।

**छोड़ो स्क्रीन गेम:** बच्चो, यह चिंता की बात है कि तुम सबका धमा-चौकड़ी मचाते, भागते-दौड़ते हुए खेलना अब कम होता जा रहा है। असल में स्मार्ट गैजेट्स तुम्हारा खेलने का समय चुरा रहे हैं। तुम सब स्क्रीन के मैदान में ही खेलने लगे हो। कभी कुछ कंटेंट देखते रहते हो या कोई वीडियो गेम खेलते हो। यह सही नहीं है। बच्चो, स्क्रीन के गेम छोड़कर घर से बाहर निकलना और अपनी रुचि का कोई खेल खेलना जरूरी है। स्क्रीन वाले गेम्स तुम्हारी आईसाइट कमजोर करते हैं। दिमाग को थकाते हैं। शरीर का पॉस्चर बिगाड़ते हैं। वहीं दूसरी ओर बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे मैदान में खेलने वाले गेम्स दिमाग के साथ शरीर को एक्टिव और ऊर्जावान रखते हैं। घर के अंदर खेले जाने वाले शतरंज, कैरम और लूडो जैसे गेम्स सोचने-समझने की शक्ति बढ़ाते हैं।



**खेलो नए पुराने खेल:** बच्चो, कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू, रस्सी कूद, गिल्ली डंडा, रुमाल झपट, लट्टू और कंचा जैसे कई मजेदार खेलों को अब लोग भूल रहे हैं। ऐसे ट्रेडिशनल खेल शरीर और दिमाग दोनों को एक्टिव बनाने वाले हैं। बच्चो, इन खेलों को तुम मम्मी-पापा या दादू-दादी के साथ भी खेल सकते हो। तुम्हारे साथ में उनको भी बहुत खुशी मिलेगी। इससे फिटनेस, फोकस और सक्रियता जैसी सौगातें तो हिस्से आएंगी ही, अपनों का प्यार भी मिलेगा। उनके साथ मस्ती भरा समय बीतेगा। परिवार के बड़े मेंबर्स के साथ उनके बचपन से जुड़े खेल खेलते हुए टाइम बिताना फैमिली बॉन्डिंग को मजबूत करेगा।

**खेलने से अनगिनत फायदे:** बच्चो, खेल खेलने से अनगिनत फायदे होते हैं। नियमित खेलने की आदत बनते ही तुम्हें अपने आप में कई पॉजिटिव बदलाव दिखने लगेंगे। आउटडोर हो या इंडोर, अपनी रुचि का खेल खेलने से तुम परिस्थितियों से लड़ना सीखोगे। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ेगा। टीम स्पिरिट बढ़ेगी। हार-जीत से दूर मेहनत करते रहने की सोच को बल मिलेगा। यह बात पढ़ाई में भी बेहतर परफॉर्म करने में मदद करने वाली है। असल में खेल दिमाग को सक्रिय रखते हैं। इसलिए कुछ नया सीखने में भी आसानी रहती है। तुम्हारे डेली रुटीन में डिसीप्लीन आ जाएगी। इमोशनली भी किसी बात से परेशान होने के बजाय खेल हर इंसान को धैर्य और समझ के साथ जीवन के मैदान में डटे रहना सिखाते हैं। जिंदगी के हर फ्रंट की बेहतरी खेलों से जुड़ी है। बच्चो, इन बातों को जानकर तो तुम समझ ही गए होगे कि क्यों जरूरी है खेलना? *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# जुगनू जैसी चमकती कहानियां

**ब**च्चो, हाल में ही बाल कथाओं की एक किताब आई है, जिसका नाम है- चमकते जुगनू। इसमें बड़ी मजेदार और कुछ अलग मिजाज की 10 कहानियां हैं। हालांकि पुस्तक के शीर्षक वाली कहानी छठे क्रम में आती है, लेकिन यहां तक पहुंचते तुम्हें देर नहीं लगेगी। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हें बोरियत महसूस नहीं होगी और न ही ऐसा लगेगा कि जबर्दस्ती कोई तुमको सीख दे रहा है या पाठ पढ़ा रहा है। इन कहानियों में हर कैरेक्टर की अपनी अलग भाषा है। हर कहानी में एक ताजगी है, उत्सुकता जगाती है। तुम पहले से अंदाजा नहीं लगा पाओगे कि आगे क्या होगा? पहली कहानी 'दादाजी का दर्द' एक सबक है एक बच्ची का, उन बड़ों को, जो मोबाइल की बुराई करने से पीछे नहीं हटते। इसी तरह 'गंदा काम-अच्छा काम' कहानी एक प्यार भरी थपकी से कितनी बढ़िया बात कह जाती है। 'चमकते जुगनू' कहानी में जुगनू नाम का बच्चा, असली जुगनुओं की तलाश में निकल पड़ता है। कहानी पर्यावरण का महत्व बताती है। दीपावली, ईद, नए साल और अप्रैल फूल जैसे विषयों पर भी बहुत रोचक कहानियां तुम इस किताब में पढ़ सकते हो। *



**किताब:** चमकते जुगनू (कहानी संग्रह), **लेखक:** विज्ञान भूषण
**मूल्य:** 149 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

बूझो तो जानें / डॉ. राकेश चक्र

1. **कुछ होते हैं** घर के अंदर कुछ होते मैदान में।
शक्ति बढ़ती तन और मन की नाम बताओ कान में।।
2. **न ही लू है** गर्मी वाली न ही वह घर का डोर
चार हैं खाने सोलह गोटियां चार ही बच्चे न हों बोर।।
3. **चार भुजाएं** रहें बराबर चार गोल कोनों पर छेद।
एक स्ट्राइकर, उन्नीस गोटियां लाल, काली और सफेद।।

उत्तर: 1.खेल, 2.लूडो, 3.कैरम

# जीके क्विज-168

1. जुलाई-2025 का आइसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ किस क्रिकेटर को चुना गया?
2. किस भारतीय खिलाड़ी को 'हॉकी का जादूगर' उपनाम से जाना जाता है?
3. ओलंपिक में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक किसने जीता था?
4. मनिका बत्रा का संबंध किस खेल से है?
5. खेलों से संबंधित द्रोणाचार्य पुरस्कार किसे प्रदान किया जाता है?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. फुटबॉल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
8. डेविस कप किस खेल से संबंधित है?
9. 'एलबीडब्ल्यू' टर्म किस खेल से संबंधित है?
10. भारत में खेलों से संबंधित कौन सा सबसे बड़ा पुरस्कार दिया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-168 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-167 का उत्तर :** 1.रोहित कृष्ण, 2.सोडियम और क्लोराइड, 3.मनिका विश्वकर्मा, 4.मेजर ध्यानचंद, 5.मुंबई, 6.बारिश या तूफान का संकेत, 7.यमुना, 8.ब्राजील, 9.नाइट्रोजन, 10.यूएसए और कनाडा

**जीके क्विज-167 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, नैतिक-मानपुर, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, आदित्य-रोहतक, कुसुम-भोपाल, संकेत-रायगढ़, अंकुर-बेमेतरा, रोहन-बालोद, कनिष्क-दिल्ली, सार्थक-महासमुंद

खेल कोई भी हो, जीत आसानी से नहीं मिलती, इसके लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। विजित कई साल से साइकिल रेस में जीत हासिल नहीं कर पा रहा था, लेकिन इस बार उसने साइकिल रेस की तैयारी बहुत जमकर की फिर जो हुआ वह जीवन के लिए एक बड़ा सबक था।

# साइकिल रेस





कहानी

पूनम पांडे

**बा**र-बार विजित को एक ही सपना आ रहा था। आज फिर उसने वही सपना देखा- उसने साइकिल रेस में भाग लिया है, वह जीत गया है। विजित को यह सपना उसे एक नए उत्साह से भर देता। ऐसा नहीं था कि विजित केवल सपना ही देखता था। वह मन लगाकर दिन-रात साइकिल रेस के लिए तैयारी में लगा था। विजित उन लोगों के पास भी निरंतर जाता रहता था, जिन्होंने पिछले कुछ सालों में साइकिल रेस जीती थीं। इनसे वह साइकिल रेस जीतने के लिए अच्छे टिप्स लेता। विजित इस बात को अच्छी तरह समझता था, चैंपियन बनने के लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी। विजित जिस कॉलोनी में रहता था, उस कॉलोनी में कोई न कोई किसी खेल में पारंगत था। कोई शतरंज का, कोई तैराकी का तो कोई टेनिस या कोई साइकिल रेस का चैंपियन था।

विजित को पांच-छह साल की आयु से बहुत अच्छी तरह साइकिल चलानी आ गई थी। अब वह बारह साल का था। विजित का मन उससे बार-बार यही कहता था, अगर वह मन लगाकर सही ढंग से रेस की प्रैक्टिस करेगा तो जीत जरूर हासिल होगी।

वैसे विजित पहली बार साइकिल रेस में भाग नहीं ले रहा था। वह पिछले तीन साल से रेस में भाग ले रहा था। लेकिन उसकी तैयारी इस स्तर की नहीं रहती कि वह जीत सके। विजित के मन में साइकिल रेस जीतने की प्रबल इच्छा थी। यही इच्छा उसको अतीत में हुई पराजय की शर्मिंदगी से बाहर ला सकती थी। इस बार भी विजित ने साइकिल रेसिंग कॉम्पिटिशन में अपना नाम लिखवा दिया था। अगले महीने साइकिल रेस होनी थी। विजित अपनी पढ़ाई के साथ साइकिल रेस की प्रैक्टिस में जी-जान से जुटा था। जब वह तेज गति से साइकिल के पैडल मारने की प्रैक्टिस करता तो उसके पैरों में दर्द होने लगता था। पहले भी रेस की तैयारी में उसके पैरों में दर्द हो जाया करता था, लेकिन वह किसी को बताता नहीं था। इस बार उसने यह बात अपने मम्मी-पापा से छुपाई नहीं, उनकी सलाह ली। स्कूल में खेल शिक्षक से भी बात की, उन्होंने जो सलाह दी, उस पर अमल किया। उसकी मम्मी ने भी उसे पैरों के कुछ ऐसे व्यायाम बताए, जो पैरों की नसों को मजबूत करते हैं। मम्मी ने उसको कुछ आसनों को करने की विधि बताई, जो वह नियमित करता। इन आसनों को करने से उसकी शारीरिक ही नहीं भीतरी शक्ति भी बढ़ी।

विजित ने मन ही मन यह भी सोच लिया था, अगर वह इस बार भी साइकिल रेस में हारा तो कतई निराश नहीं होगा। पिछली बार की तरह सुबकते हुए घर नहीं आएगा। इसके लिए ना तो साइक्लिंग ट्रैक को और ना ही मौसम को जिम्मेदार ठहराएगा। वह अपनी हार के लिए किसी को बुरा-भला कहकर उसे पीठ पीछे अपमानित भी नहीं करेगा। अपनी हार के सदमे में ना आकर आगे और बेहतर करके जीत का संकल्प लेगा। वह साइकिल रेस को जीवन के लिए एक नया अनुभव और सबक मानेगा। इसी सकारात्मक सोच को मन में संजोकर विजित हर रोज जोश और जज्बे के साथ साइकिल रेस का अभ्यास करता रहा। उसने साइकिल रेस के लिए खुद को काफी अच्छी तरह तैयार कर लिया था।

रेस वाला दिन आ गया। इस बार उसे ना तो घबराहट हो रही थी, ना तनाव और न कोई चिंता। वह निश्चिंत होकर प्रतियोगिता मैदान में आकर बाकी प्रतिभागियों के साथ कतार में खड़ा हो गया। सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिए गए। सीटी बजी, एक-दो-तीन की आवाज के साथ रेस आरंभ हुई। इस बार कमाल हो गया। विजित सबसे आगे था। बड़ी आसानी से विजित ने साइकिल रेस पूरी की। वह प्रथम आया। वह आज बहुत खुशी के साथ ट्रॉफी लेकर घर आया। मम्मी-पापा ने उसे गले लगाया और शाबाशी दी। पापा बोले कि रविवार को उसे अपने साथ शहर के प्रसिद्ध खेल म्यूजियम की सैर कराने ले जाएंगे। रविवार को विजित म्यूजियम गया। उसने वहां पुराने समय के बड़े-बड़े चैंपियंस की फोटोज देखीं, उनसे जुड़ी जानकारी ली, जो उसके लिए बहुत इंस्पायरिंग थी। विजित ने संकल्प लिया, वह भी इनकी तरह खेल की दुनिया में कोई बड़ी जीत हासिल करेगा, अपने देश का गौरव बढ़ाएगा, अपना नाम भी रोशन करेगा। *

कविता

डॉ. कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव



## आओ भैया खेलें खेल

आओ भैया खेलें खेल
चोर-पुलिस हम आओ खेलें
बन राजू एक सिपाही।
मैं इंस्पेक्टर बन जाऊंगी,
इक चोर बनेगी माही।
भैया तुम सरदार बनोगे,
भेजूंगी मैं सबको जेल।
आओ भैया खेलें खेल।
छुपन-छुपाई आओ खेलें,
राजू, माही आएंगे।
सौ तक गिनती बोलोगे तुम,
हम सब तब छुप जाएंगे।
टीप पड़ेगी तुम पर भैया,
कर देंगे हम तुमको फेल।
आओ भैया खेलें खेल।
डॉक्टर-डॉक्टर आओ खेलें,
अब बात सुनो तुम मेरी।
तुम मरीज बन जाना मेरे,
तुम तनिक न करना देरी।
तुमको सुई लगाऊंगी मैं,
मत तुम खाना पूड़ी भेल।
आओ भैया खेलें खेल।
ट्रेन-ट्रेन हम आओ खेलें,
आपस में मिलजुल सारे।
डिब्बे माही, राजू बनकर,
तुम गार्ड लगोगे प्यारे।
इंजन बन नानी घर जाऊं,
कितनी अच्छी अपनी रेल।
आओ भैया खेलें खेल।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे कुछ लड़कों के एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। ये दोनों चित्र भले ही एक जैसे दिख रहे हों, लेकिन इनमें पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर: 1.फुटबॉल पर ब्लैक स्पॉट्स नहीं है। 2.बाईं तरफ के लड़के की स्पोर्ट्स टीशर्ट का प्रिंट अलग है। 3.गोल कीपिंग कर रहे लड़के की टीशर्ट पर नंबर प्रिंट नहीं है। 4.दाहिनी तरफ लाल टीशर्ट पहने लड़के के एक पैर में मोजा नहीं है। 5.बैकग्राउंड में दाहिनी तरफ हरियाली कम दिख रही है।

## गिनकर बताओ

बच्चो, यहां अलग-अलग स्पोर्ट्स में यूज होने वाली बॉल्स के कई सारे चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ कि यहां कौन-सी बॉल कितनी संख्या में है?



## खबर संक्षेप

### नशे की लत से उजड़ चुके हजारों घर : बाला

**गोहाना।** नशा मुक्ति अभियान के तहत गुरुवार को महिला पुलिस थाना गोहाना की टीम ने आईटीआई गोहाना में विद्यार्थियों को जागरूक किया। टीम ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलकूद को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सरोज बाला ने कहा कि समाज में अधिकांश अपराधों की जड़ नशा है। शुरूआत में युवा शराब, सिगरेट, गुटखा, बीड़ी, और खैनी जैसे नशे को शौक के तौर पर अपनाते हैं।

### मीट की अवैध दुकानों को बंद करवाने की मांग

**खरखौदा।** समाज सुधारक मनीष आर्य की अगुवाई में एसडीएम कार्यालय में बीडीपीओ सुरेंद्र आर्य को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि शहर के मटिंडू मार्ग पर जो मीट की दुकानें खुली हुई हैं, उनसे अराजकता एवं अशांति फैल रही है। वर्णित जगह पर अवैध तरीके से मांस की दुकानें खुली हुई हैं। रिहायशी इलाके में मीट की दुकानें खोलना नियम कानून के खिलाफ है। एक मीट की दुकान में एक व्यक्ति की उंगली तोड़ दी गई, जो छोटी बात नहीं है।

### वन रक्षकों की भर्ती नहीं करना चाह रही सरकार

**सोनीपत।** वन मंत्री द्वारा वन मित्रों को वन क्षेत्र में पौधे लगाने की अनुमति देने के ब्यान पर वन कर्मचारी संघ हरियाणा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। वन कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रैस प्रवक्ता आनंद शर्मा एवं जिला सोनीपत के प्रधान भगतसिंह ने कहा कि प्रदेश में ऐसा कोई वन क्षेत्र नहीं है, जो वन मित्र योजना के मानकों पर खरा उतरता हो और उस पर पौधारोपण करवाया जा सके। वन मित्र योजना में 15000 रुपये मानदेय देने का कोई प्रावधान नहीं है।

### संगठन अध्यक्ष ने पेड़ों की कटाई-छंटाई की

**गोहाना।** ग्राम सुधार समिति खन्दराई के संस्थापक अध्यक्ष जगमहेंद्र खन्दराई ने गुरुवार को संस्था द्वारा रोपित पेड़ों की बढ़ी हुई टहनियों की कटाई-छंटाई और निराई व गुड़ाई करके उनके पास उगी हुई घास को उखाड़ा।

समिति द्वारा गांव खन्दराई में सफीदों मार्ग के साथ खाली जगह में, बस अड्डे पर, राजकीय प्राथमिक पाठशाला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और उप स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में काफी संख्या में पौधे रोपे गए हैं।

### विकास पांडेय बने इनेलो पूर्वांचल प्रकोष्ठ के प्रधान

**सोनीपत।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने विकास पांडेय को पूर्वांचल प्रकोष्ठ का जिला प्रधान नियुक्त किया है। यह घोषणा लोकदल नेता महावीर शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा विकास पांडेय को यह जिम्मेदारी सौंपने पर वे अभय सिंह चौटाला, प्रदेश प्रधान रामपाल माजरा और सुमित्रा चौटाला का आभार व्यक्त करते हैं। महावीर शर्मा ने कहा कि आज हरियाणा में बेरोजगारी, महिलाओं की असुरक्षा, पेंशन में देरी और बढ़ती महंगाई जैसी समस्याओं से जनता परेशान है।

### युवाओं को जागरूक करें कौशल प्रशिक्षण है जरूरी

**सोनीपत।** डीसी सुशील सारवान ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण जरूरी है। वे जिले के आईटीआई प्रिंसिपलों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। इन्होंने दौरान गांव-गांव जाकर आईटीआई में दाखिला लेने के लिए युवाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरखौदा आईएमटी में मारुति प्लांट और अन्य कंपनियों के आने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने किया रोष प्रदर्शन

**सोनीपत।** सोनीपत जिले में जगह-जगह टूटे हुए सड़कों और बड़े-बड़े गड्ढों के विरोध में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने बुधवार को अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। उन्होंने टूटे हुए सड़क के रोड़े तसले में डालकर भवन व सड़क निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और एसई को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर रिटायर्ड कर्मचारी कांग्रेस सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष ऋतुराज मौजूद रहे।

---


*हर मानसून में बन रही तालाब, वहीं अब छत बन रही खतरे की वजह*

# मुरथल विवि की सरस्वती लाइब्रेरी जर्जर, फॉल सीलिंग बनी खतरा

*हर दिन सैकड़ों छात्र, शोधार्थी व स्टाफ अध्ययन और शोध कार्यों के लिए आ रहे*

पानी निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने और सीलिंग की संपूर्ण मरम्मत कराने की तत्काल जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




**सोनीपत।** सरस्वती लाइब्रेरी की छत की जर्जर फॉल सीलिंग। *फोटो :हरिभूमि*

दीनबंधु छोटू राम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (डीसीआरयूएसटी), मुरथल का प्रतिष्ठित सरस्वती पुस्तकालय इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है। यह वही पुस्तकालय है, जहां हर दिन सैकड़ों छात्र, शोधार्थी और स्टाफ अध्ययन और शोध कार्यों के लिए आते हैं। आधुनिक तकनीक और समृद्ध संसाधनों से सुसज्जित इस पुस्तकालय की वर्तमान स्थिति इसके महत्व पर सवाल खड़े कर रही है। लाइब्रेरी का सबसे बड़ा संकट इसका बेसमेंट है, जो हर मानसून में तालाब का रूप धारण कर लेता है। बारिश शुरू होते ही बेसमेंट में कई फीट पानी भर जाता है, जिससे वहां रखी किताबें, दस्तावेज और जरूरी रिकॉर्ड्स पूरी तरह खतरे में पड़ जाते हैं। स्टाफ के मुताबिक, हालात ऐसे हो जाते हैं कि बारिश के दिनों में बेसमेंट में प्रवेश तक करना मुश्किल हो जाता है। इससे जहां विश्वविद्यालय की शैक्षिक धरोहर खतरे में है, वहीं कर्मचारियों की सुरक्षा भी गंभीर चिंता का विषय बन गई है। केवल पानीभराव ही नहीं, बल्कि पुस्तकालय की चार मंजिलों में लगी फॉल सीलिंग भी अब खतरे का कारण बन रही है। लगातार जर्जर हो रही यह सीलिंग जगह-जगह से टूटकर गिर रही है। कई हिस्सों में सीलिंग के पैनल गायब हो चुके हैं, जबकि गिरे हुए टुकड़े स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। छात्रों और स्टाफ का कहना है कि हर रोज इस भय के बीच अध्ययन और काम करना पड़ता है कि ऊपर से गिरता कोई टुकड़ा किसी की जान को खतरे में डाल सकता है।थायी समाधान के लिये कोई ठोस कदम नहीः इन गंभीर समस्याओं की शिकायतें बार-बार विश्वविद्यालय प्रशासन तक पहुंचाई गई, लेकिन आज तक स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए। पुस्तकालय के नियमित आगंतुकों का कहना है कि पानी निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने और सीलिंग की संपूर्ण मरम्मत कराने की तत्काल जरूरत है।

तकनीकी विशेषज्ञ भी मानते हैं कि यह मामला तत्काल संज्ञान की मांग करता है। यदि समय रहते पुस्तकालय की तकनीकी जांच कर मरम्मत का काम शुरू नहीं किया गया, तो स्थिति किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, जिसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर विश्वविद्यालय प्रबंधन पर आएगी।

#### छात्रों की उम्मीद प्रशासन करेगा कार्रवाई

छात्रों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द कार्रवाई कर इस महत्वपूर्ण पुस्तकालय को सुरक्षित, आधुनिक और अध्ययन के अनुकूल वातावरण में बदलने की दिशा में काम करेगा, ताकि विश्वविद्यालय की पहचान बनी रहे और आने वाली पीढ़ियों को भी यहां अध्ययन का बेहतरीन अनुभव मिल सके।

---



**खरखौदा।** गोशाला प्रधान को चेक देते विधायक पवन खरखौदा। *फोटो :हरिभूमि*

## विधायक ने चार गोशाला संचालकों को सौंपे ९०.६९ लाख की राशि के चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार गौ संरक्षण और गो संवर्धन के लिए लगातार काम कर रही है। प्रदेश में गोशालाओं को चारे के लिए वित्तीय अनुदान के साथ-साथ उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक पवन खरखौदा ने गुरूवार को गांव सिसाना में स्थित गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर क्षेत्र की चार गौशाला संचालकों को 90 लाख 69 हजार रुपये की अनुदान राशि के चेक सौंपे। इस दौरान उन्होंने सिसाना गौशाला को 59 लाख 99 हजार अनुदान राशि का चेक सौंपा। इस दौरान सभी गौशाला संचालकों ने मुख्यमंत्री व विधायक का आभार जताया और कहा कि इस राशि से गौशालाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी और गायों को समय पर उचित चारा मिल सकेगा। विधायक ने कहा कि उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा इस वर्ष प्रदेश की 605 गौशालाओं के लिए कुल 88 करोड़ 50 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की जा रही है। इस अवसर पर भाजपा नेता माईराम कौशिक ने कहा कि गाय हमारी संस्कृति से जुड़ी है। गाय का ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व है। देसी गाय के दूध में औषधीय गुण है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम करने का एकमात्र उद्देश्य यह भी है कि गौमाता की सेवा के प्रति लोगों में जन जागरण और जागरूकता पैदा हो।

#### ये रहे मौजूद

सिसाना गौशाला प्रधान रणदीप दहिया ने गायों के अंतिम संस्कार को बड़ी समस्या बताते हुए समाधान की मांग की। एडवोकेट संदीप दहिया ने मंच का कुशल संचालन किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, खरखौदा ब्लॉक समिति के चेयरमैन सितेन्द्र दहिया, पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया, दहिया खाप के प्रधान सुरेंद्र बानिया, भाजपा नेत्री बबीता दहिया, ईंट भट्ठा एसोसिएशन के पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र, पूर्व सरपंच कृष्ण, जयकरण ठेकेदार इत्यादि मौजूद रहे।

---

## पांच दिवसीय कार्यक्रम में गूंजेगा भक्तिरस

- मॉडल टाउन में चुघ परिवार ने की गणपति बप्पा की भव्य स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** मॉडल टाउन में गणपति भगवान को नमन करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर चुघ परिवार द्वारा गणपति बप्पा की भव्य स्थापना बड़े ही विधि-विधान और श्रद्धा-उत्साह के साथ की गई। इस शुभ अवसर का शुभारंभ पूजा-विधि के साथ हुआ और फिर गगनभेदी नारों "गणपति बप्पा मोरया"से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस आध्यात्मिक आयोजन में वेद प्रकाश चुघ, शशि चुघ, दिव्या चुघ, कुंजन मदान सहित परिवारजन एवं अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे और गणपति बप्पा का स्वागत कर पुण्यलाभ प्राप्त किया। गणपति स्थापना का यह आयोजन पांच दिनों तक निरंतर चलेगा। इस अवधि में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, आरती और भक्ति गीतों के माध्यम से वातावरण में आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता रहेगा। सुंदर सजावट, मनमोहक श्रृंगार और भक्तिभाव से ओतप्रोत माहौल ने इस अवसर को और भी विशेष बना दिया। चुघ परिवार द्वारा किया गया यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी संदेश देता है। भक्तों का मानना है कि गणपति बप्पा की कृपा से सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया

**गोहाना।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर की पहल पर भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल वमावि में आज नोडल ऑफिसर डॉ. मंजू पवार और डिप्टी नोडल ऑफिसर डॉ. कृतिका की उपस्थिति में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह ने कहा कि नशामुक्त जीवन अपनाएं तथा समाज में जागरूकता भी फैलाएं। प्रो. सिंह ने कहा कि नशा न केवल हमारे शरीर को खत्म करता है बल्कि हमे आर्थिक व सामाजिक रूप से भी पतन की और धकेलता है। एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने नशे और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। प्राचार्या डॉ. सुमिता सिंह ने छात्राओं और शिक्षिकाओं को संबोधित करते नशे की बुराइयों तथा इसके सामाजिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला और युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

## छात्रों ने संसद की कार्यप्रणाली जानी

- दून पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दिल्ली में संसद भवन का शैक्षणिक भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना




शिक्षकों के साथ संसद भवन का शैक्षणिक भ्रमण करने पहुंचे दून स्कूल के विद्यार्थी।

गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल के 50 विद्यार्थियों के दल ने दिल्ली में संसद भवन का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को संसद की गहन और प्रत्यक्ष जानकारी देना था। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथा संसद की कार्यवाही को देखा और इसकी कार्यप्रणाली का ज्ञान हासिल किया।

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संसद के दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा की नई व पुरानी इमारतों को देखा। संसद का सदन किस प्रकार चलता है और किन-किन प्रक्रियाओं से गुजरकर बिल पास होते हैं इस बारे बारिकी से जानकारी हासिल की। शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने संसद के अध्यक्ष, स्पीकर और मंत्रियों की भूमिका बारे प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। विद्यार्थियों ने संविधान की वास्तविक प्रतिलिपि देखकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया। शैक्षणिक भ्रमण के लिए विद्यार्थियों ने स्कूल प्रबंधक राजेश कुमार और प्राचार्या ज्योति छाबड़ा का आभार जताया।

---

#### बिजनेस आइडिया प्रतियोगिता में प्रिया प्रथम

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, पिपली में उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत प्लेसमेंट सेल द्वारा बिजनेस आइडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राचार्या प्रो. तराना नेगी के कुशल नेतृत्व तथा महाविद्यालय प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार व प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. योगेंद्र रांगी के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रेखा व जगबीर दहिया ने किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नवाचार एवं उद्यमशीलता पर आधारित उत्कृष्ट व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए।प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की प्रिया ने प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय वर्ष की वर्षा ने द्वितीय स्थान, तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष के आयुष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में विनोद मलिक, नीरा तथा डॉ. अनीता राणा ने मूल्यांकन कार्य को अंजाम दिया।



**खरखौदा।** प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ।



नवनियुक्त उपाध्यक्ष जतिश कपूर को सम्मानित करते इंद्रजीत विरमानी व अन्य।

#### जतिश कपूर पंजाबी महासभा के उपाध्यक्ष नियुक्त

**गोहाना।** जतिश कपूर को पंजाबी महासभा के उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे नगर परिषद के वार्ड संख्या 4 के नगर पार्षद हैं। उनकी नियुक्ति महासभा की बैठक में विचारविमर्श के बाद की गई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी ने की। अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी ने कहा कि जतिश कपूर का चुनाव समाज की उम्मीदों और विश्वास का प्रतीक है। उनके नेतृत्व से संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा समाजहित में सकारात्मक कार्यों की नई दिशा तय होगी। नवनियुक्त उपाध्यक्ष जतिश कपूर ने विश्वास दिलाया कि वे पूर्ण निष्ठा और सेवा भाव से जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। समाज की बेहतरी के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे। बैठक में नगर पार्षद रमेश, पार्षद सुनील राजपाल, पार्षद मुकेश देवगन, वीरेंद्र बरवाला, नरेश, राहुल जिंदल आदि मौजूद रहे।

#### चिड़ियाघर का किया शैक्षणिक दौरा

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की जूलॉजी की छात्राओं ने वीरवार को रोहतक स्थित आईसीएआर-केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान(सीआईएफई) का दौरा किया, जिसका नेतृत्व जूलॉजी की विभागाध्यक्ष डा. तमन्ना कुमारी कर रही थी। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम की बधाई दी। जूलॉजी विभागाध्यक्ष डा. तमन्ना कुमारी व सुमन तथा अशोक सैनी के मार्गदर्शन में पचास छात्राओं ने इस ज्ञानवद्र्धक दौरे में हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य छात्राओं को जलीय कृषि और मत्स्य विज्ञान के क्षेत्र में उद्यमशीलता के अवसरों से परिचित कराना था, जो वैज्ञानिक क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान और स्व-रोजगार को बढ़ावा देने के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप था। दौरे के दौरान वैज्ञानिक डा. श्रीधरन, डा. सत्यप्रकाश, डा. सलोनी शिवम ने क्रमशः मत्स्य स्वास्थ्य, जलीय कृषि और मत्स्य रोगों और उनके प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी। सीआईएफई के दौरे के बाद, छात्राओं ने रोहतक चिड़ियाघर का भी भ्रमण किया।



**सोनीपत।** चिड़ियाघर के बाहर एकत्रित जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं।




चरण सिंह जोगी को शपथ दिलाते मेयर राजीव जैन साथ में अन्य।

#### चरण सिंह को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

**सोनीपत।** वरिष्ठ भाजपा नेता चरण सिंह जोगी को मनोनीत पार्षद के रूप में नगर निगम मेयर राजीव जैन ने नगर निगम कार्यालय में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। चरण सिंह जोगी ने हिंदी में शपथ में ली। सरकार ने चरण सिंह जोगी को हाल ही में जजपा कोटे से खाली हुई सीट पर पार्षद मनोनीत किया है। उनका कार्यकाल नगर निगम के मेयर एवं पार्षदों के कार्यकाल तक रहेगा। शपथ ग्रहण करने के बाद राजीव जैन ने लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाया और समर्थकों ने फूलों एवं नोटों की मालाओं से स्वागत किया। चरण सिंह जोगी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली समेत तमाम नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

---

**प्रदर्शन** | चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल व स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लिया भाग

# स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों की भूख हड़ताल जियो फेंसिंग आदेश वापसी की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी व चिकित्सक। *फोटो :हरिभूमि*

जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के आदेश के विरोध में बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी की ओर से जिलेभर में भूख हड़ताल की गई। जिला संयोजक डॉ. नितिन फलस्वाल के नेतृत्व में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक यह हड़ताल चली, जिसमें चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल व स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भाग लिया। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के महासचिव सहदेव आर्य सांगवान ने पदाधिकारियों को माला पहनाकर अनशन पर बिठाया। शाम को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य नेता बिजेंद्र चहल ने सभी पदाधिकारियों को जूस पिलाकर भूख हड़ताल का समापन करवाया और आंदोलनकारियों का अभिनंदन किया। स्वास्थ्य विभाग तालमेल कमेटी की ओर से विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि जियो फेंसिंग आदेश अव्यवहारिक, गैरकानूनी और निजता के अधिकार का उल्लंघन है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि आदेश तुरंत रद्द नहीं किया गया तो आगामी 7 सितंबर को होने वाली राज्य कार्यकारिणी बैठक में निर्णायक आंदोलन का ऐलान किया जाएगा।

#### जियो फेंसिंग व्यवस्था थोपना अनुचित

नेताओं ने याद दिलाया कि 8 जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को ज्ञापन सौंपकर आश्वासन मिला था कि किसी भी कर्मचारी को बाध्य नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद कुछ अधिकारी आदेश लागू करने पर अड़े हुए हैं, जिससे टकराव का माहौल बन रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि पहले से ही बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू है, ऐसे में जियो फेंसिंग व्यवस्था थोपना अनुचित है। केवल स्वास्थ्य विभाग पर यह नियम लागू करना कर्मचारियों का मनोबल तोड़ने की कोशिश है।



**सोनीपत।** लघु सचिवालय में विद्यार्थियों के साथ अधिकारीगण। *फोटो :हरिभूमि*

## प्रशासन से परिचय : गन्नौर खंड के बच्चों ने प्राप्त किया समाधान शिविर का अनुभव

**सोनीपत।** जिले में प्रशासन से परिचय अभियान के तहत पीएम श्री स्कूलों के छात्रों ने विभिन्न सरकारी विभागों की कार्यशैली को नजदीक से समझा। गुरुवार को गन्नौर खंड के बेगा और दतौली स्कूलों के छात्रों ने लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर का अनुभव प्राप्त किया। अधिकारियों ने छात्रों को शिकायत निवारण प्रणाली, ई-गवर्नेंस, डिजिटल इंडिया सेवाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

**सूचना**

हम, सज्जन कुमार पुत्र श्री हरि सिंह व श्रीमति सुनिता पत्नी सज्जन कुमार निवासी मुरथल रोड, गली नंबर-4ई, नजदीक रॉयल कॉस्टल गार्डन, जीवन विहार एक्सटैंशन, सोनीपत, हरियाणा-131001 बयान करते हैं कि हमारा पुत्र मोहित व पुत्रवधु सोनिया हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारा व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### सर्वखाप पंचायत ने डीजीपी से की मुलाकात

**खरखौदा।** सर्वखाप पंचायत का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश मुख्यालय चंडीगढ़ पहुंचा और पुलिस महानिदेशक डॉ. सागर प्रीत हुड्डा के पदभार संभालने एवं राष्ट्रपति पदक से सम्मानित होने पर बधाई दी। पंचायत प्रतिनिधियों ने चंडीगढ़ और आसपास के इलाकों में नशे व अन्य आपराधिक मामलों से युवाओं को बचाने व सामाजिक भाईचारे को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। दहिया खाप के प्रधान सुरेंद्र बानिया के अनुसार बैठक के दौरान डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा ने सभी खाप प्रधानों से अपील की है कि वे अपने-अपने गांव और क्षेत्र में युवाओं को नशे, अपराध से दूर रखने के लिए अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाएं।

### स्टांप शुल्क छूट सीएम का नायब फैसला : झरोठी

**सोनीपत।** पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता अनिल झरोठी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्टाम्प



शुल्क पर छूट देकर अपना हरियाणा के आम लोगों को नायब तोहफा देने का काम किया है। पूर्व चेयरमैन ने कहा की जब से हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब से हरियाणा में अनेकों फैसलें आम जनता के हित में लिए गये हैं। चाहे बिना पर्ची खर्ची नौकरी हो या पारदर्शिता के साथ तबादला नीति हो या परिवार पहचान पत्र, इस प्रकार की योजना बना कर हरियाणा को विकास के पथ पर मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जा रहा है।

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल के तैराकों ने जीते पदक

**सोनीपत।** 58वीं हरियाणा स्कूल डिस्ट्रिक्ट तैराकी प्रतियोगिता (लड़के और लड़कियों की अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19) का आयोजन गेटवे इंटरनेशनल स्कूल सोनीपत में किया गया। प्रतियोगिता में ब्राइट स्कॉलर स्कूल की टीम ने अनेक पदक जीते। इसमें प्रांजल ने 3 स्वर्ण, यशिका सेहरावत ने 3 स्वर्ण, श्रेया दहिया 2 रजत व 1 कांस्य, भूमि दहिया ने 2 स्वर्ण व 1 रजत, दिव्या ने 1 स्वर्ण व 1 रजत पदक जीता।

### एनसीसी गर्ल कैडेट इंस्ट्रक्टर बनी शीतल

**सोनीपत।** हिंदू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत की एनसीसी कैडेट शीतल का चयन कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में एनसीसी गर्ल कैडेट इंस्ट्रक्टर (GCI) पद के लिए हुआ है। वर्ष 2020 में एनसीसी से पास आउट हुई शीतल क्वार्टर मास्टर सार्जेंट तक पदोन्नति प्राप्त कर चुकी हैं। उन्होंने उत्तरी, उत्तर-पश्चिमी और पश्चिमी क्षेत्र के लिए आवेदन किया था और सभी की लिखित परीक्षा कट-ऑफ पार की। दस्तावेज़ सत्यापन के बाद उनका चयन पश्चिमी क्षेत्र के लिए हुआ।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं में सोनीपत के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

# खेल प्रतियोगिताओं का किया आयोजन मेडल जीतकर लौटे जिले के खिलाड़ी

### नेशनल रेसलिंग चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल उमेश ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

रांची, झारखंड में आयोजित अंडर-23 राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल के पहलवान उमेश ने 82 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विद्यालय प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में द्रोणाचार्य अवार्डी ओ.पी. दहिया, प्रधानाचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, कुश्ती कोच संदीप, अनिकेत, प्रदीप और सन्नी मलिक ने उमेश को बधाई दी। इसके अलावा प्रताप सिंह मैमोरियल शिक्षा समिति के प्रधान वेदप्रकाश पहलवान और संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार ने भी खिलाड़ियों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि उमेश की उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि जब शिक्षा और खेल दोनों को समान महत्व मिलता है, तो बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। उमेश ने अपनी जीत का श्रेय माता-पिता, कोचों और स्कूल को दिया।



**खरखौदा।** पहलवान उमेश का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन।

### कराटे प्रतियोगिता में जीते चार पदक

**गोहाना।** बरोदा रोड पर स्थित बाल भारती स्कूल की कराटे अकादमी के छात्रों ने कुरुक्षेत्र विवि में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चेंपियनशिप में 4 पदक प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। गुरुवार को पदक विजेताओं को स्कूल में एमडी हरि प्रकाश गौड़, चेयरपर्सन मधु गौड़, प्राचार्या सुमन कौशिक और जिला कराटे संघ के महासचिव अनिल भारद्वाज ने सम्मानित किया। कुरुक्षेत्र विवि में 25 से 27 अगस्त तक राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप आयोजित की गई। चैंपियनशिप के वरिष्ठ वर्ग में हर्ष और सब जूनियर वर्ग में दीपांशु ने स्वर्ण जबकि वरिष्ठ वर्ग में विशाल और यश ने रजत पदक हासिल किए। एमडी हरि प्रकाश गौड़ ने कहा कि आज खेलों में कॅरियर निर्माण की काफी संभावनाएं हैं। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेलों में भी कॅरियर का निर्माण कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं।

### अंशिका और कार्तिक का राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा के लिए चयन



**खरखौदा।** विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए प्राचार्या व प्राथमिक प्रभारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

जिला स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में कल्पना चावला विद्यापीठ के विद्यार्थियों बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिससे विद्यालय का नाम रोशन हुआ है। अंशिका पुत्री रामगोपाल ने 100 मीटर दौड़ व लंबी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों ही खेलों के लिए अंशिका का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कार्तिक पुत्र प्रवीण ने 100 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान हासिल कर राज्य स्तर के लिए अपनी जगह बनाई। भाला फेंक में छवि पुत्री राजेश ने तीसरा स्थान तथा डिस्कस थ्रो में नीरू पुत्री विनोद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में विशेष सभा में प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रितु, अन्य अध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे। विजेता विद्यार्थियों के साथ साथ उनके प्रशिक्षकों पूनम व अमन खत्री का भी स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके मेहनत और समर्पण का परिणाम है।



**गन्नौर।** प्रथम स्थान प्राप्त चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल के छात्रों के साथ परिषद के पदाधिकारी व स्कूल निदेशक अजय यादव।

### राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में चाइल्ड केयर स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा द्वारा बी आर ग्लोबल स्कूल में विभिन्न स्कूलों के बीच राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूल से आये 35 बच्चों ने भाग लिया। स्कूल संचालक राकेश यादव एवं संगीता यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता दो वर्गों में सम्पन्न हुई। बच्चों ने हिंदी एवम संस्कृत में गीत गाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। शाखा अध्यक्ष मंजू शर्मा ने मंच संचालन किया। डॉ शशिकांता शर्मा व विपिन कुमार ने निर्णायक के रूप में भूमिका निभाई। वाद्य सहित गायन वर्ग में चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीआर ग्लोबल स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही जबकि देवकुल शिक्षा सदन की टीम को तृतीय स्थान मिला। वाद्य के बिना गायन में प्रथम स्थान चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल खिजरपुर अहीर की टीम को मिला। गीता विद्या मंदिर पुरखास की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रीतम आहूजा, पूनम सिंघल, अजय यादव, भारत भूषण भूटानी, न्यूविश, मंजू, रचना व अन्य सदस्य उपस्थित थे। शाखा सचिव प्रीतम आहूजा ने सभी बच्चों, अध्यापिकाओं, स्कूल संचालकों व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### पिकलबॉल में एंजल ने जीता रजत पदक

**सोनीपत।** हैदराबाद में 22 अगस्त 2025 से 24 अगस्त 2025 तक आयोजित हैदराबाद ओपन पिकलबॉल 2025 चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की खिलाड़ी एंजल ने प्रतियोगिता के फाईनल मैच में महाराष्ट्र की खिलाड़ी परणीता से 2- 4 के स्कोर के साथ खेलते हुए रजत पदक जीता। इस प्रतियोगिता में लगभग 220 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। एंजल ने इस जीत का श्रेय अपने विद्यालय और अपने खेल प्रशिक्षकों को दिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग, विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल व उप-प्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने एंजल को बधाई दी और उसको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया।



खिलाड़ी एंजल

## खेलों में छाए जैन विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने खेल के मैदान में अपनी मेहनत, लगन और खेल भावना का शानदार परिचय देते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। सोनीपत में आयोजित 37वीं खंड स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जेवीएम के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा छठी के छात्र अभय ने सब-जूनियर (29 किग्रा) वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया, वहीं कक्षा ग्यारहवीं के छात्र गौतम ने सीनियर (54 किग्रा) वर्ग में दमदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इसी क्रम में जेवीएम की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा दीपांशी ने सीबीएसई हाई जम्प प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया। विद्यार्थियों की सफलता ने विद्यालय, शिक्षकों और अभिभावकों को गौरवान्वित किया है तथा आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, प्राचार्या डॉ. नीरू एवं प्रबंधक समिति ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### खंड स्तरीय कला उत्सव में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** गुरुवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में खंड स्तरीय कला उत्सव आयोजित किया गया। गोहाना खंड के अंतर्गत आने वाले राजकीय और अराजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अध्यक्षता बीईओ राजेंद्र सांगवान ने की। समूह नृत्य में राजकीय विद्यालय गोहाना, सोलो डांस में राजकीय विद्यालय जौली ने, विजुअल आर्ट थ्री डायमेंशनल में राजकीय विद्यालय गोहाना की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजुअल आर्ट टू डायमेंशनल में राजकीय विद्यालय गोहाना मंडी,, विजुअल आर्ट ग्रुप में राजकीय कन्या विद्यालय भैंसवाल कलां, थिएटर प्रतियोगिता में राजकीय विद्यालय गोहाना सिटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय द्वारा महिला उद्यमिता की विचारधारा और प्रयासों को सशक्त करने हेतु उद्यमिता पखवाड़ाः 2025 के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। नेतृत्व डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. श्वेता और सहायक डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. ईशानी का रहा। कार्यक्रम संस्कारम सभागार में हुआ जिसमें कार्यक्रमों की श्रृंखला में वाणिज्य विभाग में महिला उद्यमिता को सशक्त बनाना विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई।

### ये रहा परिणाम

प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा स्वीटी प्रथम, बीवोक. फैशन टेक्नोलॉजी तृतीय वर्ष की छात्रा कीर्ति द्वितीय एवं बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा प्रीति तृतीय रही। इसी विभाग में उपरोक्त विषय पर स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। निर्णायक मंडल द्वारा बीवोक फैशन टेक्नोलॉजी की छात्रा कीर्ति को प्रथम, बीएएलएलबी द्वितीय वर्ष की छात्रा अदिति को द्वितीय तथा बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा रेनू रानी तृतीय स्थान पर रही। इसी श्रृंखला में महिला उद्यमी कौशल विकसित करने की रणनीतियां और नवोदित महिला उद्यमियों के लिए चुनौतियों का समाधान विषय पर ग्रुप डिस्कशन हुआ। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. इशानी, डॉ. कृतिका एवं डॉ. महेश ने निभाई। इसमें एमएससी फिजिक्स द्वितीय वर्ष की छात्रा निधि प्रथम, बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा नीतिका द्वितीय तथा बीबीए एलएलबी प्रथम वर्ष की छात्रा निधि तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेता 9 सितंबर को हरियाणा राज्य के उद्यमिता विकास नोडल अधिकारी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विवि का प्रतिनिधित्व करेंगे।



### रौनक स्कूल के 26 छात्र राज्य स्तरीय खेलों में चयनित

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर के 26 छात्रों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय एसजीएफआई खेलों में अपना स्थान सुरक्षित किया है। बाक्सिंग में ओजस कक्षा 9वीं, प्रतिष्ठा कक्षा 10वीं और संवि कक्षा 10वीं का चयन हुआ है। ताइक्वांडो में प्रतीक शर्मा कक्षा 11वीं, लविश कक्षा 9वीं व देवांश कक्षा 8वीं ने बाजी मारी। स्केटिंग में अंश वर्ष, क्रिकेट में कुणाल शर्मा कक्षा 8वीं और नूतन गोरी कक्षा 10वीं का चयन हुआ। वालीबाल में अखिल, दक्षिण राठी, कार्तिक, जतिन सभी कक्षा 12वीं, जीपीएस, त्रिलोक, कीर्ति, गीत कक्षा 9वीं और गरिमा कक्षा 7वीं शामिल हैं। फुटबाल में साक्षी कक्षा 9वीं व राधिका, कबड्डी में रुद्राक्ष कक्षा 9वीं व एक छात्रा कक्षा 6वीं, जबकि तीरंदाजी में आर्यन कक्षा 6वीं और ईशा कक्षा 8वीं का चयन हुआ है। प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

## साउथ पॉइंट के चार खिलाड़ी राज्य स्तर के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसजीएफआई) की तरफ से आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में साउथ पॉइंट स्कूल के खिलाड़ियों ने अपना जलवा बिखेरा। शानदार खेल के दम पर चार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि एसजीएफआई बैडमिंटन प्रतियोगिता 26 से 27 अगस्त तक लिटल एंजल्स स्कूल में आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। साउथ पॉइंट स्कूल की अंडर-14 आयु वर्ग की टीम ने इस प्रतियोगिता में शानदार खेल दिखाते हुए पहला स्थान प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस टीम में शामिल करण, कुणाल, अंश वत्स, आरव व हार्दिक ने बेहतरीन खेल दिखाया, इनमें तीन खिलाड़ियों करण, कुणाल व अंश वत्स ने राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। वहीं अंडर-19 आयु वर्ग में 11वीं आर्ट स्ट्रीम की छात्रा मुस्कान ने अपने दमदार खेल से राज्य स्तर पर जगह बनाई है। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि यह जीत विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को और बढ़ाएगी तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की प्रेरणा देगी।



**सोनीपत।** साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, सीईओ भावना कालरा व अन्य के साथ चयनित खिलाड़ी।



**गोहाना।** दीपांशु को आशीर्वाद देते हुए उनके माता-पिता।

### दीपांशु ने 3 किमी दौड़ में पाया प्रथम स्थान

**गोहाना।** शिवनगरी धनाना के उदीयमान खिलाड़ी दीपांशु पुत्र दिलबाग जाटायन खंड स्तर पर 3 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सबसे तेज दौड़े। इन खेलों में 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में वह द्वितीय स्थान पर रहे। शैक्षणिक खंड कथूरा की दौड़ प्रतियोगिता गांव भैंसवान खुर्द में आयोजित हुई। इन खेलों में धावक दीपांशु ने उक्त दोनों प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दीपांशु के पिता दिलबाग उर्फ बाग और उनकी माता नीलम ने उनको अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ी दीपांशु गांव धनाना स्थित शहीद कप्तान सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थी हैं। खिलाड़ी का कहना है कि वह खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने गांव व देश का नाम रोशन करना चाहते हैं।




**राई।** निगम पार्षद एवं भाजपा युवा उपाध्यक्ष पुनीत राई जेसीबी व अधिकारियों के साथ काम करवाते हुए।

### वार्ड नंबर 8 में हुए जल भराव को निकालने व गड्ढों को तुरंत भरने का चलाया अभियान

**राई।** वार्ड नंबर 8 में हुए जल भराव को निकालने व गड्ढों को तुरंत भरने का के लिए नगर निगम के अधिकारियों के साथ जेसीबी की मदद से पार्षद पुनीत राई ने निरीक्षण कर अभियान चलाया। वार्ड में बरसात के बाद की स्थिति का भी मुआयना किया गया। संबंधित ठेकेदारों को चर्चा करते हुए पुनीत राई ने कहा कि बरसात के कारण जिन सड़कों पर कार्य अधूरा रह गया है या जहां रोड निर्माण संभव नहीं हो पा रहा, वहां अस्थायी रूप से गड्ढों को तुरंत भरा जाए ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। निरीक्षण में देखा कि बरसात के कारण कई जगहों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं और जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। निगम पार्षद ने आह्वान किया कि ठेकेदार सभी कार्य तय समयसीमा में पूरे करवाएं, ताकि लोगों को लंबे समय तक दिक्कतें न झेलनी पड़ें। लोगों ने बताया कि बरसात के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस अवसर पर ठेकेदार मनीष, राकेश कौशिक, प्रतीक त्यागी, सुरेश त्यागी, राकेश कुकू, कृष्ण कौशिक, छोटे लाल, भारत, मास्टर परमिंदर आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

### दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की सौगात देने पर मुख्यमंत्री का राई विधायक ने किया स्वागत


**राई।** राई हल्के की विधायक कृष्णा गहलावत ने महिलाओं के हित में एक बड़ी सौगात की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए की आर्थिक सहायता देने पर मुख्यमंत्री का पुष्प गुच्छ देकर आभार जताया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि यह योजना 25 सितंबर से ही पूरे प्रदेश में लागू होगी। योजना का लाभ 23 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं को मिलेगा। योजना में विवाहित और अविवाहित दोनों प्रकार की महिलाएं शामिल होंगी। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। यह आर्थिक सहयोग महिलाओं को घरेलू जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ उनके व्यक्तिगत खर्च और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज और देश की प्रगति संभव नहीं है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी भाजपा सरकार महिलाओं की भलाई के लिए लगातार योजनाएं चला रही है और आने वाले समय में और भी महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे।



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी को योजना की सौगात देने पर बधाई देते हुए।

### एजुकेशन सोसायटी के प्रधान पद के प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित

**खरखौदा।** एजुकेशन सोसायटी खरखौदा के प्रधान पद के चुनाव की प्रक्रिया जारी है। जिसके अंतर्गत वीरवार को चुनावी मैदान में डटे प्रधान पद के लिए दोनों प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। निर्वाचन अधिकारी कमल शर्मा के अनुसार वीरेंद्र उर्फ बीर पहलवान को बस तथा धर्मवीर दहिया को जग का चुनाव निशान आवंटित किया गया है। मालूम हो कि ग्यारह सितंबर को थाना कलां मार्ग के जागृति स्थल पर मतदान के माध्यम से प्रधान का चुनाव होगा। जिसमें 754 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। जबकि उपप्रधान, महासचिव, कोषाध्यक्ष व ग्यारह कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव निर्विरोध हो चुका है। उपप्रधान पद के लिए विपुल व रोहतास ने नामांकन किया था।





**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत दीपालपुर गांव में दादी सती मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम में।

### दीपालपुर में पूजा अर्चना के बाद जैनपुर-टिकोला में विधायक ने भवन का किया उद्घाटन

**राई।** राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने वीरवार को दीपालपुर गांव में दादी सती मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की और आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया। गहलावत ने कहा कि ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराएं ही हमारी असली ताकत हैं। गांव में दादी सती का मंदिर गांव में लोगों की आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी पहली प्राथमिकता है। इसके बाद लाखों रुपए की लागत से बने जैनपुर गांव की जनरल चौपाल और टिकोला गांव के अंबेडकर भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व सांसद रमेश कौशिक, राजेंद्र कौशिक, प्रतीक शर्मा, भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल, सतीश कौशिक (दीपालपुर), धर्मपाल पंडित, सतबीर यज्ञ शास्त्री, प्रताप पूर्व सरपंच, रामकुमार (सरपंच दीपालपुर), पंडित वेद प्रकाश, सुदामा, पंडित नरेंद्र, सदा राम कौशिक, परविंदर सरपंच (जैनपुर), रामनिवास पंडित (जैनपुर), महेश त्यागी, तपराज नम्बरदार, पूर्व सरपंच रामेश्वर त्यागी, बलिस्टर त्यागी, विनोद त्यागी, विनोद त्यागी, सुभाष सरपंच, सुरेश त्यागी, शीलू, अमरजीत कालू, दीपक सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### युवा भाजपा नेता योगेश कौशिक ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**गन्नौर।** दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' की शुरुआत करने पर युवा भाजपा नेता एंव कष्ट निवारण समिति सदस्य योगेश कौशिक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया। योगेश कौशिक ने कहा कि हरियाणा सरकार ने महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2,100 की आर्थिक सहायता दी जाएगी। योजना का उद्देश्य माताओं, बहनों और बेटियों को न केवल आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है बल्कि उन्हें समाज में सम्मान दिलाना भी है। योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की महिलाओं के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी।

